प्रेषक,

रामनरायन,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कोर्ट सं०-2, फिरोजाबाद

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक महोदय,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा-

माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय,
फिरोजाबाद।

विषय- **<u>माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि 2020-21 के कॉलम संख्या-01 (g),04 में की गयी विपरीत प्रविष्टि के सम्बन्ध में।</u>**

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि मेरे द्वारा दिनांक 01-04-2020 से दिनांक 16-10-2020 तक अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, फिरोजाबाद एवं दिनांक 17-10-2021 से 31-03-2021 तक अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या-2, फिरोजाबाद के पद पर कार्यरत रहा। माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि 2020-21 पोर्टल पर दिनांक 15-06-2021 को डाला गया जिसका मेरे द्वारा दिनांक 18-06-2021 को अवलोकन किया गया। अवलोकन से ज्ञात हुआ कि सैल्फ असिस्मेन्ट 2020-21 के कॉलम संख्या-01 (g),04 में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा यह अंकित किया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा विहित यूनिट 1200 के सापेक्ष 1095.95 यूनिट्स कार्य किया है जो कि अपर्याप्त है तथा कॉलम 04 में अंकित किया है कि अधिकारी द्वारा विहित यूनिट को पूरा करने में कोई कष्ट नहीं उठाया तथा अधिकारी को सलाह दी जाती है कि प्राचीन वादों के निस्तारण में अधिक रूचि लें।

इस सम्बन्ध में प्रार्थी का कथन है कि कोरोना के कारण लॉक डाउन जैसी विपरीत परिस्थितियों के वाबजूद भी मेरे द्वारा पाँच वर्ष पुराने वादों में से पाँच वादों का निस्तारण किया गया तथा दस वर्ष पुराने वादों में से भी दो वादों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार कुल सात पुराने वादों का निस्तारण किया गया है।

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्रांक संख्या -1687/LXXXVII-CPC/ e-Courts/ Allahabad/Dated:18 December-2020 के अनुपालन में 02-01-2021 से सभी न्यायालय न्यायिक कार्य हेतु खोल दिये गये थे इससे पहले लॉक डाउन के कारण केवल अति आवश्यक कार्य करने की ही अनुमति दी गयी थी। माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय की अनुमति से ही आवश्यक मामलों में साक्ष्य अंकित किये जाने हेतु अनुमति दी गयी थी। लॉक डाउन के कारण साक्षी न्यायालयों में उपस्थित नहीं हो रहे थे और उत्पीडनात्मक कार्यवाही करने हेतु निषिद्ध किया गया था जिसके कारण पत्रावलियाँ परिपक्व नहीं हो पायीं और न ही बहस के स्तर पर पहुंच पायीं जिस कारण माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित यूनिट पूरी नहीं की जा सकी। प्रार्थी द्वारा वादों के निस्तारण करने के प्रयास में कोई कमी नहीं की गयी बल्कि पूर्ण प्रयास किया गया। मेरी 17 वर्ष 03 माह 05 दिन की सेवा अवधि के दौरान माननीय उच्च न्यायालय द्वारा विहित यूनिट के सापेक्ष वादों के निस्तारण में कभी भी कम यूनिट नहीं हुई अर्थात माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित यूनिट्स को सदैव पूरा किया गया है।

अतः माननीय महोदय से निवेदन है कि प्रार्थी के प्रार्थनापत्र पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए वार्षिक प्रविष्टि के कॉलम 01 (g),04 में अंकित प्रविष्टि को हटाकर उन्नयन (Upgrade) के सम्बन्ध सहानुभूति पूर्वक विचारार्थ माननीय न्यायालय के समक्ष प्रार्थनापत्र रखने की कृपा की जाये।

भवदीय

दिनांक-24-06-2021

Ram Narayan
(रामनरायन) 24-6-2021
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कोर्ट संख्या-2, फिरोजाबाद।

संलग्नक-

1- पाँच वर्ष से अधिक पुराने निस्तारित वाद।
2- दस वर्ष से अधिक पुराने निस्तारित वाद।

Ramnarayan
Additional District & Sessions Judge
Court No-2, Firozabad
Pending & disposed more than five year old cases
(From 01-04-2020 To 31-03-2021)

SI No.	Name of P.O. Designation & Period	Pending Cases	Contested Decided	Uncontested Decided	Total Decided
1.	Ramnarayan 1st Addl principal judge family court, Firozabad (From 01-04-20 To 16-10-21)	157	1	2	3
2	Ramnarayan Addl District & Sessions judge court no. 02 , Firozabad (From 17-10-20 To 31-03-21)	0	2	-	2
	Total	157	3	2	5

Date: - 05-04-2021
Place: Firozabad

Ram Narayan
Ramnarayan
Addl District & Sessions judge
court no. 02 ,Firozabad

Ramnarayan
Additional District & Sessions Judge
Court No-2, Firozabad
Pending & disposed more than ten year old cases
(From 01-04-2020 To 31-03-2021)

SI No.	Name of P.O. Designation & Period	Pending Cases	Contested Decided	Uncontested Decided	Total Decided
1.	**Ramnarayan** **1st Addl principal judge family court, Firozabad** (From 01-04-20 To 16-10-21)	30	0	0	0
2	**Ramnarayan** **Addl District & Sessions judge court no. 02 , Firozabad** (From 17-10-20 To 31-03-21)	0	1	1	2
	Total	30	1	1	2

Date: - 05-04-2021
Place: Firozabad

Ramnarayan
Addl District & Sessions judge
court no. 02 , *Firozabad*